भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3345

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हिसार, हरियाणा में आयुष अस्पताल

3345. श्री जय प्रकाश

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि हरियाणा के हिसार संसदीय क्षेत्र में आयुष अस्पतालों और औषधालयों में रोगियों की संख्या, उपचार की गुणवत्ता और उपचार के परिणामों की प्रभावी रूप से निगरानी करने हेतु एक सुदृढ़ तंत्र की आवश्यकता है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों के दौरान हिसार संसदीय क्षेत्र में आयुष अस्पतालों और औषधालयों में उपचार प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या, उपलब्ध चिकित्सकों की संख्या, उपचारित प्रमुख रोगों तथा उपचार के परिणामों के मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा आयुष संस्थानों में रोगियों के डिजिटल पंजीकरण, उपचार के परिणामों की निगरानी, गुणवत्ता मूल्यांकन और नियमित लेखापरीक्षा के लिए कोई प्रणाली लागू की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का हिसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ आयुष सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनविश्वास को बढ़ाने के लिए कोई नई कार्ययोजना लागू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, हरियाणा के हिसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आयुष अस्पतालों और औषधालयों में आने वाले रोगियों की संख्या, उपचार की गुणवत्ता और उपचार के परिणामों की प्रभावी निगरानी करना संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। तथापि, मंत्रालय समुदाय को आयुष स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने के लिए, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना के माध्यम से एनएएम दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, विभिन्न कार्यकलापों के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकार के प्रयासों का समर्थन कर रहा है।

एनएएम के तहत, समुदाय की समग्र स्वास्थ्य देखभाल के लिए आयुष सुविधाओं द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न गतिविधियों/सेवाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करने के लिए हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में केंद्रीय टीम के दौरे के अलावा नीति आयोग द्वारा तृतीय पक्ष

समीक्षा और एनएबीएच मूल्यांकन भी किया जाता है।

हाल ही में 29 जून, 2026 से 1 जुलाई, 2026 के दौरान, एनएएम के तहत अवसंरचना के विकास, सेवा संवितरण, मानव संसाधन, डिजिटल एकीकरण, दवाओं की आपूर्ति और शासन तंत्र की प्रगति का आकलन करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा की गई है। इससे पहले भी ये समीक्षाएं 1 और 2 मई, 2025 को एनएएम कॉन्क्लेव के दौरान और सितंबर, 2025 के महीने में "राज्यों में राष्ट्रीय आयुष मिशन और क्षमता निर्माण" पर विभागीय शिखर सम्मेलन के दौरान आयोजित की गई थीं।

हरियाणा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान हिसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आयुष अस्पतालों और औषधालयों में उपचार प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या, उपलब्ध डॉक्टरों की संख्या और इलाज की गई प्रमुख बीमारियों का वर्ष-वार विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ग): आयुष मंत्रालय ने आयुष ग्रिड पहल के अंतर्गत, आयुष सुविधा केन्द्रों में अपनाए जाने के लिए आयुष अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एएचएमआईएस) विकसित की है। एएचएमआईएस आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के अंतर्गत राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप है और निगरानी तथा सामुदायिक कल्याण के लिए रोगी पंजीकरण, मानकीकृत निदान, सेवा संवितरण और डेटा प्रबंधन समर्थित है।

हरियाणा राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आयुष विंग, सिविल अस्पताल, हिसार में रोगियों का डिजिटल पंजीकरण चल रहा है और अन्य आयुष संस्थानों में रोगी पंजीकरण और उपचार रिकॉर्ड मैनुअल सिस्टम के माध्यम से किए जाते हैं। उपचार का विवरण प्रत्येक गुरुवार को *वृद्ध सेवा पोर्टल* पर अपलोड किया जाता है और ओपीडी डेटा हर महीने अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा नियमित लेखा परीक्षा की गई है और उपचार के परिणाम उत्साहजनक हैं।

(घ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, हिसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित आयुष सुविधाओं को सुदृढ़ करने और आयुष सेवाओं में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनता के विश्वास को बढ़ाने के लिए किसी नई कार्य योजना का कार्यान्वयन हरियाणा राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है।

हरियाणा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, हिसार निर्वाचन क्षेत्र में नए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा, राज्य में आयुष में गुणवत्ता पारदर्शिता और जनता के विश्वास को बढ़ाने के लिए *वृद्ध सेवा एवं स्वास्थ्य पोर्टल*, संजीवनी योग कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।

*****

संलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान, हिसार संसदीय निवार्चन क्षेत्र के अंतर्गत आयुष अस्पतालों और औषधालयों में उपचार प्राप्त करने वाले रोगियों की संख्या, उपलब्ध डॉक्टरों की संख्या और इलाज की गई प्रमुख बीमारियों के बारे में वर्ष-वार विवरण

क्र.सं.	वर्ष	कुल ओपीडी	डॉक्टरों की उपलब्धता	प्रति वर्ष आम बीमारी
1	2023-24	429092	22	कसा, उदार रोग, गैस्ट्रिटिस, त्वक विकार, संधिवात
2	2024-25	409172	59	
3	2025-26	591782	55	